प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी**
जनपद– अम्बेडकरनगर।

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/अम्बेडकर नगर/2020–21/27 दिनांक 05-04-2021

विषयः **दिनांक 17.03.2021 से 19.03.2021 को राज्य भ्रमण दल द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/2020–21/18/2192–2 दिनांक 06.08.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 17.03.2021 से 19.03.2021 तक जनपद अम्बेडकर नगर का भ्रमण कर जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया तथा समीक्षा कर विस्तृत निरीक्षण आख्या उपलब्ध करायी जा रही है।

राज्य स्तरीय दल द्वारा उपलब्ध करायी गयी निरीक्षण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

**भवदीया,**

Aparna. U

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

**पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/ अम्बेडकरनगर /2020–21/** **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण महानिदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।
3. जिला अधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद अम्बेडकरनगर।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनपद अयोध्या, उ0प्र0।
5. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊं।
6. मण्डलीय परियोजना, प्रबन्धक, एन00एच00एम0, अयोध्या।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद अम्बेडकरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आख्या का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

## जनपद अम्बेडकर नगर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या
## दिनांक 17—मार्च से 19 मार्च 2021

**राज्य स्तरीय भ्रमण टीम के सदस्य :—**

1. श्री नरेन्द्र कुमार सिंघल, परामर्शदाता, नर्सिंग सेल, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।
2. श्री योग्रेन्द्र कुमार यादव, एस0एन0सी0यू0 साफ्टवेयर कॉर्डिनेटर, बाल स्वास्थ्य, एस0पी0 एम0यू0, लखनऊ।

कृपया मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या—एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2020—21 / 18 / 2192—2, दिनांक 06.08.2020 के क्रम में दिये गये निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 17.03.2021 से 19.03.2021 को राज्य कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई द्वारा जनपद अम्बेडकर नगर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है—

जनपद अम्बेडकर नगर में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण जिला कार्यक्रम प्रबन्धक इकाई के जिला प्रबन्धक परिवार नियोजन एवं लॉजिस्टिक तथा परामर्शदाता जिला मातृ स्वास्थ्य के साथ जनपद की निम्न चिकित्सा इकाईयों पर भ्रमण किया गया —

**1. जिला संयुक्त चिकित्सालय, अम्बेकर नगर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| **ए0एन0सी0, प्रसव कक्ष एवं पी0एन0सी0 वार्ड** | | |
| प्रसव कक्ष नवनिर्मित एम0सी0एच0 विंग में स्थानान्तरित होने के कारण सामग्रिया अस्त व्यस्त स्थिति में पायी गयी, जिनको सुव्यवस्थित रखने हेतु निर्देश दिये गये। | चिकित्सा अधीक्षक अपने स्तर पर समस्त कमियों का निस्तारण 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / हास्पिटल मैनेजर / मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |
| लेबर रूम में प्रर्याप्त साफ सफाई नहीं थी एवं इमेरजेन्सी ड्रग ट्रे में कुछ दवायें शार्ट एक्सपायरी थी। | लेबर रूम में स्टाफ के सहयोग से साफ सफाई करायी गयी तथा शार्ट एक्सपायरी ड्रग को ट्रे से हटवाया गया। | |
| प्रसव कक्ष में केस शीट में पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा था तथा रजिस्टर में रिपोर्ट अपूर्ण पायी गयी। | मैट्रन को पार्टोग्राफ भरे जाने का निर्देश दिया गया। | |
| प्रसव कक्ष में सभी 16 प्रोटोकाल के पोस्टर नहीं लगे थे। | जननी सुरक्षा योजना के प्रशासनिक मद से 16 प्रोटोकॉल पोस्टर प्रिंट कराके लेबर रूम में लगाया जाये। | |
| एन0बी0सी0सी0 कार्नर प्रोटोकाल के अनुसार नहीं था। रेडिएण्ट वार्मर क्रियाशील था परन्तु अन्य उपकरण व्यवस्थित नहीं थे। | | |
| लाभार्थियों से वार्ता करने पर एवं मैस की स्थिति चैक करने से ज्ञात हुआ कि उन्हें जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत नाश्ते के रूप में चाय, ब्रेड एवं लंच में चावल की खिचड़ी प्रदान तो किया जा रहा है, परन्तु वार्ड में कोई मैन्यू चार्ट उपलब्ध नहीं था। | भोजन का सप्ताहिक चार्ट दीवारों पर अंकित कराना सुनिश्चित करें। | |
| पी0एन0सी0 वार्ड में कोई आई0ई0सी0 नहीं लगी थी एवं न ही नर्स स्टॉफ के द्वारा नियमित कलर कोटेड बेडशीट नहीं लगायी जा रही है। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / हास्पिटल मैनेजर / स्टाफ नर्स |
| पी0एन0सी0 वार्ड में प्रसूताओं को के0एम0सी0 एवं स्तनपान हेतु पूर्ण जानकारी नही दी जा रही थी। | आर0एम0एन0सी0एच0 कांउसलर द्वारा पी0एन0सी0 वार्ड में भ्रमण कर प्रसूताओं को उचित जानकारी प्रदान किये जाने हेतु सुझाव दिये गये। | आर0एम0एन0 सी0एच0 कांउसलर / मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |

| | | |
|---|---|---|
| ऐन्टिनेटल जॉच के दौरान प्रसूति महिलाओं का वजन एवं ऊचॉई नहीं लिया जा रहा था। <br> एoएनoसीo हेतु मानकानुसार प्रिन्टिड रजिस्टर उपलब्ध नहीं थे। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता / एoएनoएमo / स्टाफ नर्स |
| **एसoएनoसीoयूo / बालरोग ओoपीoडीo / पोषण पुनर्वास केन्द्र** | | |
| 13 बेड के सापेक्ष केवल 10 बेडेड की एसoएनoसीoयूo इकाई क्रियाशील है जिसमें 10 रेडिएण्ट वार्मर एवं 06 फोटोथैरपी क्रियाशील है। 03 अन्य रेडिएण्ट वार्मर एसoएनoसीoयूo से अन्य चिकित्सा इकाई पर स्थानान्तरित कर दिये गये थे। | अतिरिक्त 03 रेडिएण्ट वार्मर को पुनः एसoएनoसीoयूo में स्थापित करने हेतु सुझाव दिये गये। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / बालरोग विशेषज्ञ / हास्पिटल मैनेजर |
| एसoएनoसीoयूo इकाई में 12 स्टाफ नर्स के सापेक्ष 7 स्टाफ नर्स कार्यरत है। | रिक्त 05 पदो की भर्ती अतिशीघ्र किये जाने हेतु राज्य स्तर को अवगत कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| एसoएनoसीoयूo इकाई में अलग से ट्राइऐज एरिया उपलब्ध नहीं था। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | बालरोग विशेषज्ञ / हास्पिटल मैनेजर / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| एमoसीoएचo विंग में एसoएनoसीoयूo इकाई स्थापित किये जाने हेतु आये हुये उपकरणों को स्थापित नहीं किया गया था। | यथाशीघ्र स्थान चिन्हित कर के इकाई को स्थापित किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| बालरोग ओoपीoडीo में बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा डारीया एवं निमोनिया के केसेज अलग से चिन्हित नहीं किये जा रहे थे। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | बालरोग विशेषज्ञ / हास्पिटल मैनेजर / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| बालरोग ओoपीoडीo में इन्फेन्टो मीटर एवं स्टूडियो मीटर उपलब्ध नहीं था। बालरोग विशेषज्ञ द्वारा अवगत कराया गया कि एण्टीबायोटिक औषधियों की आपूर्ति समुचित मात्रा में नहीं थी। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / फार्मासिस्ट |
| 10 बेड की पोषण पुनर्वास केन्द्र संचालित थी मानकानुसार 01 चिकित्साधिकारी, 03 स्टाफ नर्स एवं फीडिंग डिमोस्टरेटर कार्यरत थे। शेष 01 स्टाफ नर्स का पद रिक्त था। <br> भ्रमण के दौरान 04 कुपोषित बच्चे एनoआरoसीo में भर्ती थे। | रिक्त 01 स्टाफ नर्स के पद की भर्ती अतिशीघ्र किये जाने हेतु राज्य स्तर को अवगत कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| पोषण पुनर्वास केन्द्र का कम्प्युटर इकाई में न लगा कर किसी अन्य स्थान पर लगाया गया था। | पोषण पुनर्वास केन्द्र हेतु आवंटित कम्प्युटर को एनoआरoसीo इकाई में ही लगाया जाये। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / हास्पिटल मैनेजर |

**2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरपुर, ब्लाक अकबरपुर**

| भ्रमण के बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराया जा रहा। प्रसव कक्ष में मानक के अनुसार कुछ कमियां पायी गयीं, जैसे– सभी 16 प्रोटोकॉल पोस्टर में कमी। | जननी सुरक्षा योजना के प्रशासनिक मद से 16 प्रोटोकॉल पोस्टर प्रिंट कराके लेबर रूम में लगाया जाये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / स्टाफ नर्स |
| प्रसव कक्ष में एमरजेन्सी सेवन ट्रे सुव्यवस्थित नही थे। | | मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता / स्टाफ नर्स |

| | | |
|---|---|---|
| सिटीजन चार्टर का डिसप्ले नही था एवं परिसर में शिकायत पेटिका नही लगी थी। | चिकित्सा अधिकारी को सिटीजन चार्ट एवं शिकायत पेटिका लगाने का निर्देश दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इसेनसियल ड्रग लिस्ट चस्पा नहीं की गयी थी। | इसेनसियल ड्रग लिस्ट चस्पा किये जाने हेतु निर्देश दिये गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी / फार्मासिस्ट |
| पार्टोग्राफ नहीं भरा जा रहा था। | पार्टोग्राफ भरे जाने हेतु स्टॉफ नर्स को सुझाव दिया गया। | स्टाफनर्स |

**3. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– अकबरपुर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा इकाई में साफ–सफाई अच्छी नहीं थी। | सुव्यवस्थित करने एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक |
| लेबर रूम में नियमानुसार 16 प्रोटोकॉल पोस्टर, डिजीटल क्लॉक, थर्मामीटर, पर्दे नहीं थे। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता / स्टाफ नर्स / ए0एन0एम0 |
| चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर स्ट्रेचर एवं व्हील चेयर उपलब्ध नही था। | आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित। | |
| बी0सी0जी0 वैक्सीन जन्म के 24 घण्टे के अन्दर नहीं लगायी जा रही थी। | बी0सी0जी0 वैक्सीन दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | |
| मानकानुसार प्रिन्टेड डिलिवरी केशशीट उपलब्ध नहीं थी। | प्रिन्टेड केशशीट उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | |
| ए0एन0सी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड में आई0ई0सी0 पोस्टर नहीं लगे हुये थे। | पोस्टर प्रिंट कराके लेबर रूम में लगाया जाये। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता / स्टाफ नर्स |
| लेबर रूम में डिलवरी टेबल पर मैट्रेस नहीं थे, केलीस पेड पंचर थे। | डिलवरी टेबल पर तत्काल मैट्रेस डलवाये गये एवं केलीस पेड हेतु मांग पत्र तत्काल प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। | ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता / स्टाफ नर्स |
| सी0एच0सी0 में बी0सी0पी0एम0 द्वारा क्षेत्र में भ्रमण का माइक्रो प्लान उपलब्ध नहीं था। | बी0सी0पी0एम0 को अपना माइक्रो प्लान बनाकर नियमित भ्रमण करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| अग्निशमनयंत्र व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से स्थापित नहीं था। | अग्निशमनयंत्र स्थापित करके स्टाफ का प्रशिक्षण कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | |

**4. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– मोहसिनपुर, अकबरपुर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव कराया जा रहा था। प्रसव कक्ष में मानक के अनुसार कुछ कमियां पायी गयीं, जैसे– सभी 16 प्रोटोकॉल पोस्टर में कमी। | जननी सुरक्षा योजना के प्रशासनिक मद से 16 प्रोटोकॉल पोस्टर प्रिंट कराके लेबर रूम में लगाया जाये। | |
| शुगर की जॉच किये जाने हेतु उपलब्ध ग्लूकोमीटर में स्ट्रीप उपलब्ध नहीं थी। | शुगर स्ट्रीप हेतु मांग पत्र तत्काल प्रेषित करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| अग्निशमनयंत्र उपलब्ध नहीं था। | अग्निशमनयंत्र स्थापित करके स्टफ का प्रशिक्षण कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | |

| | | |
|---|---|---|
| लेबर रूम में डिलवरी टेबल पर मैट्रेस नहीं थे, केलीस पेड पंचर थे। | डिलवरी टेबल पर तत्काल मैट्रेस डलवाये गये एवं केलीस पेड हेतु मांग पत्र तत्काल प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। | |

5. **उपकेन्द्र( हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर )– वनगॉव, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| उपकेन्द्र द्वारा 7147 की जनसंख्या को अच्छादित किया जा रहा है। उपकेन्द्र पर जलआपूति की समुचित व्यवस्था नहीं थी। | जलआपूति की व्यवस्था किये जाने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया । | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / सी0एच0ओ0 / ए0एन0एम0 |
| उपकेन्द्र पर सी0एच0ओ0 की नियुक्ति की गयी है, परन्तु सी0एच0ओ0 द्वारा कोविड कार्य लिये जाने के कारण जनमानस को उपकेन्द्र का लाभ नही मिल पा रहा है। | चयनित सी0एच0ओ0 द्वारा जनपद में योगदान आख्या दी जा चुकी है। अतः मुख्य चिकित्साधिकारी को शीघ्र सी0एच0ओ0 को कोविड कार्य से अवमुक्त कर उपकेन्द्र पर नियुक्ति हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |

6. **उपकेन्द्र( हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर ) बड़ागॉव, इब्राहिमपुर एवं जहीदपुर, नसररूलाहपुर परतिया, वी0एच0एन0डी0 सत्र, अम्बेडकरनगर**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर बड़ागॉव, इब्राहिमपुर बंद मिला। ए0एन0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि सी0एच0ओ0 की 03 दिवसीय गैर संचारी रोग प्रशिक्षण हेतु आर0एच0एफ0 डब्लू0 टी0सी0 अयोध्या गये थे। | | |
| ए0एन0एम0 श्रीमती अमिता चौधरी द्वारा ग्राम जहीदपुर, नसररूलाहपुर परतिया में वी0एच0एन0डी0 सत्र का संचालन किया जा रहा था। सत्र के दौरान आशा श्रीमति उर्मिला देवी एवं आगनवाडी श्रीमति मालती देवी भी उपस्थित थी। जो कि टीकाकरण हेतु गाँव में जाकर बच्चों को मोबलाईज कर रही थी। | | |
| सत्र माइक्रोप्लान के अनुसार संचालित हो रहा था। ड्यू लिस्ट के अनुसार 75 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था। सत्र में टीकाकरण का बैनर लगा हुआ था। | | |
| उपकेन्द्र की आशाओं द्वारा कम्यूनिटी से सम्बन्धित कार्यक्रमो का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा था। | | |
| गर्भवती महिला से वार्ता करने पर समस्त जांचो एवं केल्शियम, आयरन की गोलियॉ मानकानुसार दी जा रही है।<br>परिवार नियोजन के बारे में उचित परामर्श दिया गया था। | | |
| ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में टी0बी0 का कोई केस नहीं है। | | |
| 03 माह के शिशु को स्तनपान कराने वाली माता को जननी सुरक्षा योजना के समस्त लाभ दिये जा रहे थे एवं प्रसव तथा उसके उपरान्त दिये जाने वाली सेवाओं से पूर्णतः संतुष्ट थी। | | |

| | | |
|---|---|---|
| ए0एन0एम0 के पास प्रेगनेन्सी टेस्टींग किट, सेनेटरी नेपकीन, आई0एफ0ए0 टेबलेट, ग्लूकोमीटर उपलब्ध नहीं थे एवं बी0पी0 आपरेटर में बैट्री नहीं थी। | मांग पत्र तत्काल प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता |

## समीक्षा बैठक

मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सम्बन्धित सुधारात्मक बिन्दुओं पर चर्चा हुई। उक्त के क्रम में जनपदीय भ्रमण के दौरान पाये गये कमियों को अवगत कराया गया एवं उक्त कमियों के निराकरण हेतु जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा यथाशीघ्र कमियों को दूर करने हेतु आश्वस्त किया गया।

Narendr

**नरेन्द्र कुमार सिंघल,**
परामर्शदाता, नर्सिंग सेल,
एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।

Yogendra

**योगेन्द्र कुमार यादव,**
एस0एन0सी0यू0 साफ्टवेयर कोर्डिनेटर, बाल स्वास्थ्य,
एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्साधिकारी**
जनपद– अम्बेडकरनगर।

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/अम्बेडकर नगर/2020–21/ दिनांक 05-04-2021

विषयः **दिनांक 17.03.2021 से 19.03.2021 को राज्य भ्रमण दल द्वारा किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/2020–21/18/2192–2 दिनांक 06.08.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 17.03.2021 से 19.03.2021 तक जनपद अम्बेडकर नगर का भ्रमण कर जनपद में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया तथा समीक्षा कर विस्तृत निरीक्षण आख्या उपलब्ध करायी जा रही है।

राज्य स्तरीय दल द्वारा उपलब्ध करायी गयी निरीक्षण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

**भवदीया,**

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

**पत्रांकः एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/ अम्बेडकरनगर /2020–21/** 27-7 **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण महानिदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।
3. जिला अधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद अम्बेडकरनगर।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनपद अयोध्या, उ0प्र0।
5. समस्त महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊं।
6. मण्डलीय परियोजना, प्रबन्धक, एन00एच00एम0, अयोध्या।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद अम्बेडकरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आख्या का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक